तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि

धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 अतिक्रमण हटवाने से पूर्व सूचना, उचित चिन्हांकन...

13 डबल इंजन की सरकार ने सबका भरोसा जीता

खबर संक्षेप

शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा संबंधी कार्यशाला 17 को

धमतरी। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए 17 जून को कार्यशाला आयोजित की जाएगी। वीर चक्रधर ऑडिटोरियम डिपो रोड कुरूद में आयोजित इस कार्यशाला में आर्मी भर्ती कार्यालय रायपुर के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षा संबंधी मूलभूत जानकारी के साथ ही उत्तर लेखन कौशल एवं समय प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस कार्यशाला में आने वाले अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा से संबंधित शंकाओं का समाधान तुरंत मिल पायेगा। खेल अधिकारी ने सेना भर्ती में शामिल होने के इच्छुक युवाओं से अपील है कि वे कार्यशाला में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाएं।

जहर सेवन से युवक की मौत

धमतरी। अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसर कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम नारी निवासी संतोष ध्रुव पिता सुरेश उम्र 35 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। बुधवार की रात्रि मृतक की मां उसे खाना खाने के लिए खोजते हुए छत पर गई जहां युवक उल्टी कर रहा था। जहरीली दुर्गंध आ रही थी। युवक को तत्काल उपचार के लिए कुरूद अस्पताल पहुंचाया गया जहां से रिफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

जिले की वैध और अवैध खदानों से लगातार निकल रही रेत

प्रतिबंध का समय शुरू, फिर भी अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेत खदानों पर प्रतिबंध लग गया है। इसके बाद भी जिले की वैध और अवैध रेत खदानों से रेत की निकासी बदस्तूर जारी है। दो दिन पहले ही खदानों से उत्खनन पर प्रतिबंध लग गया है। इन दो दिनों में एक भी रेत खदान पर कार्रवाई नहीं हुई है।

एनजीटी के निर्देशानुसार मानसून से पहले ही नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाता है। जिले में औसतन 15 जून को मानसून प्रवेश करता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हर साल 10 जून से चार माह के लिए नदियों से सीधे रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है, लेकिन इस साल इस प्रतिबंध का असर जरा भी नजर नहीं दिख रहा है। महानदी सहित अन्य नदियों में लगातार रेत का उत्खनन हो रहा है। रेत खदानों से ट्रैक्टर और हाइवा निकल रहे हैं, न तो रेत खदानों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है और न ही परिवहनकर्ताओं के खिलाफ। उधर रेत डंपिंग का खेल भी शुरू हो गया है। जिले में 65 से ज्यादा स्थानों पर रेत डंप की अनुमति दी गई है। इस डंपिंग पाइंट में भी नदियों से रेत निकालकर एकत्रित किया जा रहा है।

चल रही अवैध खदानें

पूरे जिले में रेत की अवैध खदानें धड़ल्ले से चल रही हैं। कहीं पर चेन माउंटेन मशीन से हाइवा लोड किया जा रहा है, तो कहीं पर ट्रैक्टर से रेत निकासी की जा रही है। अछोटा, कोलियारी, अमेठी से लेकर दोनर तक करीब 10 स्थानों पर अवैध रूप से रेत खदानें चल रह हैं। अमेठी सहित कई खदानों में खनिज विभाग ने कार्रवाई भी की थी। खदान के सामने अवैध खदान का बोर्ड भी लगाया गया है। इसके बाद भी यहां पर धड़ल्ले से रेत उत्खनन किया जा रहा है। बकायदा यहां पर वसूली भी हो रही है।

शुरू हुआ डंपिंग का खेल

कहने को तो बारिश के सीजन में रेत खदानों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध रहता है लेकिन रेत भंडारण के नाम पर इस प्रतिबंध का मजाक उड़ाया जाता है। डंपिंग पाइंट रेत खदानों के पास ही लिए जाते हैं। प्रतिबंध से पहले ही इन डंपिंग पाइंट में निर्धारित क्षमता के अनुसार रेत एकत्रित कर ली जाती है। इसके बाद यहां से जैसे जैसे रेत बिकती है, नदी से रेत निकालकर डंपिंग पाइंट में फिर से भर दिया जाता है। अधिकांश गाड़ियों को यहां पर रायल्टी पर्ची ही नहीं दी जाती है। डंपिंग के इस खेल में अनुमति से कई गुना रेत भंडारण और विक्रय कर लिया जाता है।

चाकू के हमले से घायल युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- रायपुर के अस्पताल में चल रहा था इलाज

चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल युवक ने रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार की रात्रि दानीटोला के बैगापारा निवासी विकास ध्रुव पिता बल्लूराम उम्र 25 वर्ष अपने घर पर था। इसी दौरान तीन युवक उसके घर के सामने गाली-गलौज कर हुल्लड़ कर रहे थे। यह सुन विकास व उसके भाई सूरज ध्रुव ने बाहर निकलकर घर के सामने गाली-गलौज व हुड़दंग करने से मना किया। जिस पर आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी। सूरज को मारते देख विकास बीच बचाव कर रहा था। इसी बीच विकास की मां ने शोरगुल सुनकर घर से बाहर निकल आरोपियों को वहां से जाने के लिए कहा। एक आरोपी ने महिला पर ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया। वहीं एक आरोपी ने हत्या करने की नीयत से धारदार चाकू से विकास के पेट पर वार किया। इस हादसे में विकास के पेट की अंतड़ियां बाहर आ गई। घटना के बाद तीनों आरोपी वहां से भाग गए। घायल युवक को परिजन उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल ले गए। जहां घायल युवक की नाजुक हालत को देख डाक्टर ने उसे रायपुर रिफर कर दिया। घायल को तत्काल रायपुर भाठागांव स्थित वैदेही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के लिए दौरान गुरुवार को घायल युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

घटना के दूसरे दिन अनुसुईया ध्रुव की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले में धारा 109(1), 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया। घायल युवक की मौत के बाद प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ा जाएगा। बताया गया है कि तीनों आरोपी दानीटोला के हैं जिसमें एक आरोपी बालिग व दो नाबालिग हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
16 अगस्त, 06 सितम्बर,
29 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

EXCITING SUMMER OFFERS
BUY 2 GET 2
IZOD | WHITE HANGER | spykar | PONTIAC | ROOKIES
BUY 1 GET 1
ARROW USA·1851 | UNITED COLORS OF BENETTON. | FLYING MACHINE | BLACKBERRYS
UPTO 40% OFF
SELECTED | LA MARTINA | JACK & JONES | KILLER JUNIOR | RARE RABBIT | GAS

Coolest Offer in the Hottest Summer
UPTO 50% OFF
GUESS | KAZO | MUFTI | VERO MODA | PUMA | RAREISM | ColorPlus | parx | PARK AVENUE
KIDS WEAR LADIES WEAR
SAREE | KURTI | LEHENGA
EVENING GOWN & READYMADE SUITS
OFFER ON SELECTED ARTICLES
UPTO 30% OFF
Mini Klub | Pepe Jeans London | UNITED COLORS OF BENETTON. JUNIOR | aurelia | INDIAN TERRAIN | THE COLLECTION | W | WISHFUL | CRIMSOUNE CLUB | maDame | LP LOUIS PHILIPPE | VANHEUSEN | CAMLA
AND MANY MORE OFFERS
*T&C Apply
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
• Raipur: Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri
• Durg: Santra Badi, Station Road
• Bilaspur: Agrasen Chowk, Link Road
NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA
Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555
Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

खबर संक्षेप

बायोपिक फिल्म फुले का प्रदर्शन 14 को

धमतरी। भारतीय बौद्ध महासभा धमतरी, संयुक्त मोर्चा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा ज्योतिराव फुले उर्फ ज्योतिबा फुले तथा उनकी धर्मपत्नी महान समाज सुधारिका सावित्री बाई फुले के जीवन और सामाजिक क्रांति पर आधारित बहुचर्चित बालीवुड बायोपिक फिल्म फुले का प्रदर्शन 14 जून शनिवार को प्रशांत सिनेमागृह में प्रथम शो 11.30 बजे, द्वितीय शोक दोपहर 2.30 बजे किया जाएगा। बौद्ध महासभा एवं संयुक्त मोर्चा ने सभी नागरिकों से फिल्म देखने का आग्रह किया है।

प्रवीण बनाए गए फरसगांव भाजपा मंडल के महामंत्री

फरसगांव। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन और भाजपा कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सेवक नेताम के अनुशंसा से भाजपा फरसगांव की मंडल कार्यसमिति का गठन कर 12 जून को विधिवत सूची जारी की गई। सूची में मंडल में प्रवीण राव को पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें महामंत्री भाजपा फरसगांव बनाया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रवीण राव कहा कि पार्टी के लिए और दृढ़ता और सभी को साथ लेकर पार्टी के लिए कार्य करेंगे। वरिष्ठ नेतृत्व के दिशा निर्देशों को धरातल पर क्रियान्वित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीर बदेशा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मान्कुराम नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, विश्वनाथ सिकदार, तरुण साना ने शुभकामनाएं दी हैं।

निधन

सुनील दुबे

धमतरी। ब्राम्हणपारा वार्ड निवासी सुनील दुबे पिता स्व. अनिल दुबे (31 वर्ष) का निधन हो गया। वे संदीप दुबे के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके आकस्मिक निधन पर ब्राम्हण समाज ने शोक व्यक्त किया है।

केजाबाई साहू

पुरूर(धमतरी)। ग्राम फागुनदाह निवासी श्रीमती केजा बाई साहू उम्र लगभग 90 वर्ष का 11 जून को निधन हो गया। वे पूर्व विधायक प्रीतम साहू, संतोष कुमार साहू, मुरारीलाल साहू, रोशन साहू की माता थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। परिजन, ग्रामीण, साहू समाज सहित राजनीतिक दल के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के बीच हुई समन्वय बैठक

अतिक्रमण हटवाने से पूर्व सूचना, उचित चिन्हांकन और निष्पक्षता बरतने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पंचायत कुरुद में हाल ही में चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान ने व्यापारी वर्ग में असंतोष पैदा कर दिया था, जिसके बाद व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य व्यापारियों की शिकायतों का समाधान करना, अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और नगर की व्यवस्था को सुचारू बनाना था।

व्यापारी कल्याण संघ के नेतृत्व में हुई इस बैठक में व्यापारियों ने प्रशासन की मनमानी कार्रवाई पर सवाल उठाए और उचित चिन्हांकन, पूर्व सूचना और निष्पक्षता की मांग की। बैठक में व्यापारी संघ ने दो प्रमुख मांगें रखीं जिसमे पुराने और नए बाजार क्षेत्र में हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था और दुमरतराई (रायपुर) मॉडल पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए भूमि आवंटन किया जाना शामिल है। इस पर विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए हाईमास्ट लाइट की स्थापना की घोषणा की और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए प्रस्ताव को अगली परिषद बैठक में लाने का वादा किया।

बैठक में व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, राकेश जैन, प्रकाश धीवर, विकास चंद्राकर ,योगेंद्र साहू, रवि चंद्राकर, धनेश बैस, खिलेन्द्र चंद्राकर भोजराज चंद्राकर, भारतभूषण पंचायन, कृष्णकांत साहू, किशोर चंद्राकर, राजू चंद्राकर, सुरेश वरदयानी, महेश केला, जितेन्द्र सिन्हा, सत्य प्रकाश सिन्हा, शरद पंडा, अनिल बजाज, रोशन निर्मलकर, टिकेश साहू, रजत जैन, संजय चैनवानी सहित कई व्यापारी और समाजसेवी शामिल हुए। सभी पक्षों ने समन्वय और संवाद के जरिए समाधान निकालने पर सहमति जताई।

कुरूद कॉलेज में बीएड संकाय शुरू करने की कवायद

- कलेक्टर ने किया निरीक्षण
- कालेज प्राचार्य से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद के संत गुरू घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल्द ही बीएड संकाय शुरू होने की आशा जागी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया और इस बारे में प्राचार्य डॉ.मिश्रा से चर्चा की। कलेक्टर ने इस दौरान कॉलेज भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के क्लासरूम, कम्प्यूटर लैब और अन्य प्रयोगशालाओं को भी देखा।

बीएड संकाय शुरू करने के विषय में चर्चा के दौरान प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई समिति ने 12 बिन्दुओं पर जानकारी शासन को भेजी है। इसमें शिक्षण सत्र 2025-26 से चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम प्रारंभ करने की अनुशंसा की गई है। समिति ने इसके लिए मानक सेटअप और अधोसंरचना की जरूरतें भी अनुशंसित की हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बीएड संकाय का पाठ्यक्रम, कोर्स, कैरीकुलम बनाने, प्रवेश प्रक्रिया आदि के बारे में भी जानकारी भेजी गई है। प्राचार्य ने बताया कि शासन से अनुमति प्राप्त होने पर महाविद्यालय में बीएड संकाय शुरू हो सकेगा।

किसान हित में लिए गए विभिन्न निर्णय

- प्राधिकृत अधिकारियों की चिंतन बैठक में किसान से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाली सभी 35 कृषि साख सहकारी समितियों एवं मगरलोड ब्लाक के समीप की सहकारी समितियों की चिंतन बैठक कुरुद भाजपा कार्यालय में हुई जिसमें प्रमुख रूप से अन्नदाता किसानों के लिये खाद, बीज की उपलब्धता हेतु संबंधित अधिकारी से बात की गई। इन दिनों डीएपी खाद की कमी एवं किसान से जुड़े मुद्दों को लेकर क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम को अवगत कराने ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की उपलब्धता ,जानकारी एवं विस्तार करने का निर्णय लिया गया। धान खरीदी की तैयारी, प्रत्येक धान खरीदी केंद्र में किसानों की शिकायत, सुझाव एवं अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही पर उचित कार्यवाही करने पर जोर दिया गया। कुरुद विधानसभा स्तर पर प्रत्येक माह बैठक का प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन के अध्यक्ष, सचिव सहित पदाधिकारियों का मनोनयन, कार्यकारिणी गठन का निर्णय लिया गया, ताकि सहकारी सोसाइटी पर पूर्णरूप से ध्यान केंद्रित किया जा सके, संगठन को मजबूत किया जा सके। समय-समय पर सहकारी समितियों पर संगठन के पदाधिकारियों, भाजपा के पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रवास का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया ।

बैठक में वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति प्राधिकृत अधिकारी प्रभात बैस कुरुद, आदर्श चन्द्राकर भाठागांव, चैनेश्वर साहू गाड़ाडीह, रामकुमार साहू चर्रा, बुधारू साहू कोड़ेबोड़ प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति प्राधिकृत अधिकारी कुलेश्वर चन्द्राकर बगौद, छत्रपाल बैस कोसमर्रा, विकास साहू कातलबोड़, थानेश्वर साहू कुहकुहा, नरेंद्र ध्रुवंशी दर्रा, संतोष सोनी मेघा, निराला साहू बगदेही, टेमन बंजारे थुहा, रामखिलावन चिंवरी, हेमन्त साहू करगा, घनश्याम साहू मौरीकला, गोपाल साहू बड़ी करेली, हेमन्त कुमार भेंड्री, राजेश साहू खिसोरा, लेखराम साहू मगरलोड, जनकराम साहू मोहंदी, लालेश्वर सिन्हा बेलरदोना, रामआसरू कुंडेल, टुमेंद्र साहू गुदगुदा उपस्थित थे।

दोषी को कठोर सजा दिलाने की मांग

- नगरी में नवविवाहिता की हत्या, कोसरिया पटेल समाज ने जताया गहरा शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 15 में हाल ही में घटित दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। धनेश्वर पटेल (27 वर्ष) ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी मीनाक्षी पटेल (23 वर्ष) की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। यह हृदय विदारक घटना समाज को झकझोर देने वाली है। इस दुखद घटना पर कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज व छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया पटेल समाज ने गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के वरिष्ठ जनों और पदाधिकारियों ने मृतका के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दोषी को कठोर सजा दिलाने की मांग की है।

इस अवसर पर प्रदेश कोसरिया पटेल समाज के संरक्षक अमरसिंह पटेल, सिहावा राज प्रमुख राजा लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, संगठन मंत्री बेदन सिंह पटेल, नरेश कौशल, सलाहकार बृजलाल पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, रमेश पटेल, डामेश्वर पटेल, लकेश पटेल सहित अनेक समाजसेवियों और पदाधिकारियों ने शोक जताया। युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज के अध्यक्ष सियाशरण पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, प्रभाकर पटेल, सांकरा क्षेत्र ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल ने इस कृत्य की निंदा की और मृतका की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी।

गट्टासिली रैयत में अधूरा टंकी निर्माण बना परेशानी का सबब, पानी के लिए भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत सराईटोला के आश्रित ग्राम गट्टासिली रैयत में पेयजल संकट गंभीर रूप ले चुका है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुरू हुआ टंकी निर्माण कार्य एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है, जिससे गांववासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने और घर-घर नल कनेक्शन देने का कार्य शुरू किया गया था। ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का आंशिक निर्माण तो कर लिया गया, लेकिन न पाइपलाइन का समुचित विस्तार हुआ और न ही घरों तक कनेक्शन दिया गया। गांव की गलियों में आज भी पाइप अधूरे पड़े हैं और कई जगह खुदाई के बाद गड्ढों को ढंका तक नहीं गया है, जो वाहन चालकों के साथ बच्चों व बुजुर्गों के लिए दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि नलजल

कनेक्शन के पाइप केवल लपेटकर छोड़ दिए गए हैं, जिससे एक वर्ष बीतने के बाद भी पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। गांव के लोग अब भी पीने के पानी के लिए दूर-दराज के क्षेत्र या तालाबों से पानी लाने को मजबूर हैं।

वहीं ग्रामीण हिराम राम नेताम, परशुराम नेताम, मकसूदन मांडवी, सुखदेव मरकाम, सरपंच उमेंद्र कुमार ध्रुव सहित मोहल्लेवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है। उनकी मांग है कि या तो गांव में नया बोर खनन किया जाए अथवा किसी दूसरे स्रोत से पानी लाकर गांव में आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इस संबंध में विभागीय अधिकारी ने जानकारी दी कि ठेकेदार से संपर्क किया गया है। ठेकेदार ने बताया कि उसकी तबीयत खराब होने के कारण कार्य रुका था और अब 2-3 दिनों के भीतर काम दोबारा शुरू कर जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

अजय के प्रयास से खुलेंगी 30 नई राशन दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विधानसभा में ग्रामीण हितग्राहियों तक राशन की समय पर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर के सार्थक प्रयास से 30 नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकानें प्रारंभ होंगी।

मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम लोहारपथरा, टिपानी, परखंदा, चर्रा, मड़ेली, परसवानी, खैरा, राखी, सौराबांधा, मरौद, चिरपोटी, भेंडसर, कन्हारपुरी, बगदेही, कुहकुहा, कानामुका, खपरी, चिंवरी, सेमरा

बी, मौरीखुर्द, भेलवाकूदा, सेमरा सी, नारी, कोसमर्रा, बगौद, मंदरौद में तथा विकासखंड मगरलोड के ग्राम खट्टी, मेघा, करेलीबड़ी एवं भेंडरी आदि ग्रामों में उचित मूल्य की दुकानें खुलने से स्थानीय हितग्राहियों को राशन वितरण की सुविधा अब और अधिक निकट एवं सुलभ हो सकेगी। यह पहल ग्रामीण हितग्राहियों को नजदीक में एवं समय पर राशन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। अब राशन वितरण न केवल आसान होगा, बल्कि बिना किसी विलंब के साथ होगा। इस जनकल्याणकारी योजना के लिए क्षेत्रवासियों ने विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

जीवनपर्यंत पर्यावरण की सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

ग्राम ढीमरटिकुर में 8 जून को बप्पा मोरया सेवा समिति एवं आशाएं सेवा संस्था के द्वारा पर्यावरण दिवस पर पूरे गांव में पौधरोपण और पौधों का वितरण किया गया। इस पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों ने भरपूर सहयोग दिया। इन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि जीवनपर्यंत के लिए हम पर्यावरण की सुरक्षा एवं आने वाले हर वर्ष में पौधरोपण व पर्यावरण के लिए समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम में सरपंच जगदीश साहू, नोखेलाल साहू, रोशन साहू, आशाएं सेवा संस्था के सदस्य व बप्पा मोरया सेवा समिति फुलवारीपारा के सदस्य शामिल हुए।

आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती ईश्वरी कुर्रे पति रमेश कुमार कुर्रे साल्हेवार पारा धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह कि शादी के पूर्व मुझे गोदावरी जांगड़े पिता मन्नूलाल जांगड़े निवासी ग्राम लोण्डी जिला बालोद के नाम से जानी व पहचानी जाती थी तथा यही नाम मेरे स्कूल रिकार्ड में दर्ज है।

यह कि शादी के बाद मैं श्रीमती ईश्वरी कुर्रे पति रमेश कुमार कुर्रे निवासी साल्हेवार पारा धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं। अतः अब मुझे श्रीमती ईश्वरी कुर्रे पति रमेश कुमार कुर्रे के नाम से जाना व पहचाना जावे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। सो सूचना जानें।

स्थान : धमतरी
दिनांक : 12.06.2025

शपथकर्ती
ईश्वरी कुर्रे
पति रमेश कुमार कुर्रे
निवासी-साल्हेवार पारा धमतरी
तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.)

न्यायालय-तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.

// उपस्थिति सूचना //

रा.प्र.क्र. 2025031302000001/अ-6 अ वर्ष 2024-25
ग्राम गुजरा तहसील भखारा

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार पिता स्व. श्री लतेलराम साहू निवासी ग्राम गुजरा तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा नक्शा सुधार किये जाने के संबंध में नक्शा खसरा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें लेख है कि ख.नं. 284/1 रकबा 0.13 हे. केशरीराम के नाम पर दर्ज है एवं ख.नं. 284/4 रकबा 0.12 हे. आवेदक नरेश कुमार के नाम पर दर्ज है। जिसके बटांकन आनलाईन नक्शे में दिशा की त्रुटि है। इसी प्रकार ख.नं. 82/9 रकबा 0.30 हे. जो आवेदक के नाम पर दर्ज एवं स्थल पर काबिज एवं आनलाईन रिकार्ड में दर्ज है किन्तु आनलाईन नक्शे में ख.नं. 82/9 कहीं पर भी प्रदर्शित नहीं हो रहा है एवं ख.नं. 82/8 रकबा 0.15 हे. केशरीराम के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है। अतः खसरा नंबर 82/1 रकबा 0.15 हे. जो आवेदक के नाम पर दर्ज एवं काबिज है। जिसके आनलाईन नक्शा में त्रुटि है। आनलाईन नक्शे पर ख.नं. 82/1 के नक्शा में सुधार कर आधा हिस्सा को खसरा नंबर 82/8 रकबा 0.15 हे. केशरीराम के नाम पर दर्ज किये जाने आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद को प्रेषित किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में प्रभावित पक्षकार केशरी पिता रामचरण की उपस्थिति हेतु प्रकरण लंबित है। प्रकरण में प्रभावित पक्षकार का सुना जाना आवश्यक है। प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 16/6/2025 नियत है। उक्त तिथि में आप स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 12/06/2025 को न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भखारा

बारिश के पानी को सहेजने का किया आह्वान

वाटर हार्वेस्टिंग से भूजल स्तर बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भखारा भठेलीवासियों में भूजल स्तर को बचाने चिंता बढ़ गई है तथा विशेषज्ञ सलाह लेकर रिचार्ज पिट बना रहे हैं जिससे वाटर हार्वेस्टिंग हो सके और भविष्य में भी जल स्तर स्रोत बन रह सके। आज नहीं चेते तो कल पछताना पड़ेगा। ऐसी ही प्रतिज्ञा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय और नगर पंचायत भखारा भठेलीवासी के साथ पीएचई इंजीनियर पीएस गजेंद्र, संचालिका करुणा, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, ऊषा साहू वरिष्ठ शिक्षिका, भारती साहू पूर्व पार्षद, राजमिस्त्री प्रीतम साहू, सौरभ राय सोनी, शोभा राम साहू ने ली। सभी ने लोगों से वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील की।

Pride of Dhamtari

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
(सिविल इंजीनियर एवं आर्किटेक)
नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र रजि.
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर (टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेयल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
सुविधाएं - भवन के नक्शे, स्टीमेट एवं बिल (लोन), साईड सर्वेक्षण, डायवर्सन के नक्शे, साईड सुपर विजन, टाऊन एवं प्लाटिंग के नक्शे, फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे, सिविल संबंधित सम्पूर्ण कार्य
False Ceiling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)
कार्यालय - पुराना बस स्टैंड, अनुराधा स्वीट्स के पास वार्ड क्र.10 कुरूद
नोटः- वास्तुनुसार भवन/ प्लाट आदि के नक्शे नगर पालिका/ नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र से नक्शा पास , 3D एलिवेशन , विथ मैटीरियल भवन निर्माण

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, गौगामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

मजदूरों को गांव में ही मिल रहा रोजगार

बीजापुर। दशकों तक माओवादियों की दशहत की गूंज के चलते पालनार में ग्रामीणों की जिंदगी सिसकियां ले रही थी। शासन की योजनाएं तो दूर प्रशासन स्तर के अधिकारी कर्मचारी को भी इस क्षेत्र में जाने की मनाही थी। आज उसी पालनार ग्राम में ग्रामीण शासन की योजनाओं से जुड़कर कंधे से कंधा मिलाकर विकास के पथ की ओर अग्रसर हो रहे हैं। पालनार में वर्तमान में महात्मा गांधी नरेगा योजना से पंचायत भवन, आंगनबाड़ी और डबरी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। यह सब संभव हो पा रहा है, छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नियद नेल्लानार की बदौलत। इस ग्राम में नए जुड़े मजदूरों को उनका महात्मा गांधी नरेगा से बने जॉबकार्ड वितरण किया गया। जॉबकार्ड अपने हाथों में पाकर ग्रामीण श्रमिको की खुशी देखते ही बन रही थी। पालनार में मनरेगा योजनांतर्गत 201 श्रमिक कार्ड है, जिसमें कुल 369 पंजीकृत श्रमिक है।

नवोदय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

सुकमा। नगर के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररस सुकमा छत्तीसगढ़ में सत्र 2026 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। प्राचार्य ने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 29 जुलाई है। प्रवेश परीक्षा से संबन्धित जानकारी एवं ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सुकमा जिले के सुकमा एवं छिंदगढ़ विकासखंडों में आने वाले समस्त शासकीय तथा मान्यता प्राप्त अशासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को जिले के दोनों प्रखंडों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग

बस्तर। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के मार्गदर्शन में मिलकर अपनी एक सूत्रीय मांग, प्रथम नियुक्ति तिथि 1998 से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने संबंधी 11 जून को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने अवगत कराया कि हमारी नियुक्ति 1998-99 की है और सभी विभागों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा चुका है सिर्फ 1998-99 वाले शिक्षकों को वंचित किया गया है। जबकि शासन पर किसी भी प्रकार की कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा की भी जानकारी से अवगत कराया गया। आपके तरफ से सहमति प्रदान की जाए ताकि सरकार सकारात्मक निर्णय ले। संभागीय अध्यक्ष यदुवेंद्र प्रताप शिक्षा विभाग में 1 जुलाई 2018 को डॉ.रमन सिंह के शासन काल में किया गया और अब स्थिति यह निर्मित हो रही है कि हमारे जो साथी सेवानिवृत हो रहे हैं या हो चुके है उन्हें पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। क्योंकि इनकी सेवा अभी दस वर्ष नहीं हुई है। जिसके कारण पेंशन के दायरे में नहीं आ रहे हैं। शिक्षकों की संख्या आज लगभग 15000 हजार ही है। सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन भुगतान के लिए हमारे द्वारा एनपीएस की जमा की गई राशि को पेंशन लाभ के लिए जीपीएफ में समायोजन किया जा सकता है।

वनांचल से लाल आतंक हो रहा समाप्त, किसान से लेकर महिलाएं तक सभी खुश

डबल इंजन की सरकार ने सबका भरोसा जीता

राजनांदगांव सांसद संतोष ने मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां गिनाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सांसद संतोष पांडेय ने उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हर क्षेत्र का विकास किया है। महिलाओं और किसानों से लेकर आम आदमी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

जिला भाजपा कार्यालय में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाई। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। उनकी दूरदर्शिता और पूर्ण नेतृत्व से देश में समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली आई है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नये आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने की, केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है।

महिलाएं सशक्त, वनांचल भी भयमुक्त

महतारी वंदन योजना से हर महीने एक-एक हजार रुपए विवाहित महिलाओं के खाते में डाले जा रहे हैं। प्रदेश में करीब 70 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान में जवानों ने बसवराजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है।

गौरवान्वित हुआ जनजातीय समुदाय

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत मां के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसामुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के 18 जिलों के 2121 गांवों में विशेष पिछड़ी जनजाति के 2 हजार 160 बसाहटों में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है। जनमन के तहत 2449 किलोमीटर सड़क स्वीकृत की गई है। जनजातीय समाज के उत्थान पर केन्द्रित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का सबसे अधिक लाभ छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्यों को मिल रहा है। राज्य के 32 जिलों में 6 हजार 691 जनजातीय ग्रामों को आबा योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 4 हजार से बढ़ाकर साढ़े पांच हजार रुपए कर दिया। जल जीवन मिशन के लिए अब तक छत्तीसगढ़ को केन्द्र से 6,178.33 करोड़ रूपए मिल चुके हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े निर्णय

श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर दिए हैं। कोयला परिवहन की परमिट व्यवस्था ऑनलाइन कर दी गई है। इससे कोयला परिवहन में धांधली रूकेगी। आबकारी विभाग से जुड़ी लाइसेंस प्रक्रियाओं को ऑनलाइन किया है। प्रदेश में जेम पोर्टल के जरिए ही सरकारी विभागों में खरीदारी का नियम अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। नई औद्योगिक नीति लागू की है। इनवेस्ट कनेक्ट के जरिए छत्तीसगढ़ में अब तक साढ़े पांच लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। हमने सुशासन के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए सुशासन एवं अभिसरण विभाग गठित किया है। यह विभाग दूसरे विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने का काम कर रहा है। आज छत्तीसगढ़ में किसी उद्योगपति या व्यवसायी को कोई कारोबार शुरू करना हो तो उसे अलग-अलग सरकारी विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। नई औद्योगिक नीति में हम कोर सेक्टर के साथ ही आईटी, सर्विस और टूरिज्म पर खास ध्यान दे रहे हैं। प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट नवा रायपुर अटल नगर में 1100 करोड़ रूपए की लागत से बन रहा है। हम देश का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रहे हैं। अंबिकापुर, बिलासपुर और जगदलपुर एयरपोर्ट में एयर कनेक्टिविटी की सुविधा बढ़ी है। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं महापौर रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शाह, प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, निरंजन सिन्हा, अर्चना चौबे, ठाकुर शशि पवार, कविंद्र जैन, अविनाश दुबे, चेतन हिंदुजा, विजय साहू, बिथिका विश्वास, श्यामा देवी साहू, रोहिताश मिश्रा, विनोद पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, गौरव मगर, राजीव चंद्राकर, जनपद सभापति अग्रवाल साहू आदि मौजूद थे।

किसानों की सुधरी आर्थिक स्थिति

सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही किसानों से की गई मोदी की गारंटी भी पूरी की गई। बकाया बोनस देने के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गई है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों को हर साल 10-10 रुपए दिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पीएम आवास के जरिए गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा हुआ। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने सरकार गठन के दूसरे दिन ही पहली कैबिनेट में 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी दी। प्रदेश में 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। इनमें से 15 लाख 38 हजार आवास बन चुके हैं।

संकरी जगह का हो ड्रेन टू ड्रेन चौड़ीकरण

धमतरी। सिहावा रोड, रत्नाबांधा रोड के चौड़ीकरण की घोषणा के बाद अब रुद्री गंगरेल रोड चौड़ीकरण की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। महापौर द्वारा इस मामले में दिए वक्तव्य के बाद गोकुलपुर वार्डवासियों में एक बार फिर खलबली मच गई है। उन्हें फिर से अपनी दुकान, मकान और जीवनयापन की चिंता सताने लगी है। वार्डवासियों की एक ही मांग है कि जो संकरी जगह है, वहां पर ड्रेन टू ड्रेन चौड़ीकरण किया जाए।

ज्ञात हो कि अंबेडकर चौक से गंगरेल तक चौड़ीकरण बहुत जल्द होगा और 40-40 फीट की सड़क के लिए 80 करोड़ का प्रावधान है, जिसमें मुआवजा भी शामिल है। इस संबंध में बुधवार की शाम इस जद में आने वाले वार्डवासियों की लक्ष्मी निवास चौक में एक कैफे में बैठक रखी गई। पार्षद गजेंद्र कंवर, बाबूलाल यदु, दीपक दुबे, विजयपुरी गोस्वामी, गणेशुराम साहू, बीके वाही, किशोर वाही, प्रियतोश जाधव, राजकुमार साहू, बीएल साहू, डॉ भूपेंद्र साहू, मुकेश वर्मा, सुरेंद्र साहू, उत्तम साहू, भीष्म नारायण साहू, चंद्रहास साहू, विकास कौशिक, कुमारी बाई साहू, सिया भोजवानी, सानिया

भोजवानी का कहना है कि उन्हें चौड़ीकरण का कोई आपत्ति नहीं है। सिर्फ गोकुलपुर भटगांव चौक नहर के पास से कर्मा चौक तक जो संकरा मार्ग आ रहा है उसे ड्रेन टू ड्रेन ही रखा जाए। क्योंकि यदि 40 फीट मकान को तोड़ दिया जाता है तो कई घरों में तो सिर्फ शौचालय ही बच पाएगा। ज्यादातर लोग अपने घरों में व्यवसाय करते हैं और इसी से ही उनका जीवनयापन चलता है। यदि मुआवजा देकर उनको तोड़ भी दिया जाता है तो वह अपने परिवार का जीवनयापन कहां से कर पाएंगे।

प्रेस क्लब अध्यक्ष ने किया अपनी कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उमेश बशिष्ट, कमलेश पांडे उपाध्यक्ष व राज सोनवानी सचिव बनाए गए

प्रेस क्लब धमतरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशालसिंह ठाकुर ने गुरुवार को वरिष्ठों के मार्गदर्शन में अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। हरिभूमि ब्यूरोचीफ उमेशसिंह बशिष्ट व कमलेश पांडे उपाध्यक्ष बनाए गए। सचिव राज सोनवानी, कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, संतोष सोनकर सहसचिव, सत्येंद्र शर्मा संगठन सचिव, रामकृष्ण ठाकुर कार्यालय प्रभारी, पवन तिवारी व बसंत सचदेव मीडिया प्रभारी, मोईनखान, दिनेश देवांगन क्रीड़ा प्रभारी, यशवंत साहू, लोकेश साहू सांस्कृतिक प्रभारी बनाए गए। राजेंद्र माहेश्वरी, सुभाष साहेब, नरेश राखेचा विशेष सलाहकार, राजेश रायचुरा, दीपनारायण शर्मा, राजू देवांगन, दिलीप देवांगन विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं। महासंरक्षक के पद पर वरिष्ठ पत्रकार दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता, संरक्षक एमए फहीम, मेघराज ठाकुर, दीप शर्मा हैं। विदित हो कि लोकतांत्रिक पद्धति से हुए चुनाव में अध्यक्ष विशाल ठाकुर, महासचिव विक्रांत शर्मा ने जीत दर्ज की थी। बाकी पदाधिकारियों का मनोनयन किया है।

प्रेस क्लब की कार्यकारिणी की घोषणा होने पर वरिष्ठ पत्रकार मो. शाह अहमद, संजय जैन, आशीष जैन, दीपेश देवांगन, डा. भूपेंद्र साहू, तल्लीनपुरी गोस्वामी, जुनैद रिजवी, चंद्रकांत साहू, माधवेंद्र हिरवानी सहित शहर के सभी पत्रकार, गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया कर शहर हित, पत्रकार हित, नागरिकों के हित पर काम करने की अपेक्षा जताई है।

रात्रि में घूमकर शांति भंग कर रहे चार बदमाश पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी

देर रात्रि तक शहर में अनावश्यक रूप से घूमकर शांति भंग करने वाले चार बदमाशों को पकड़कर पुलिस ने रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस शहर में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने देर रात्रि तक अनावश्यक रूप से घूमने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चला रही है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात्रि अलग-अलग वार्ड व संदिग्ध स्थलों की पेट्रोलिंग की। इस दौरान पुलिस ने रामसागरपारा व भगत चौक में शांति भंग कर घूम रहे दो निगरानी व आदतन बदमाश संजय सोनवानी उर्फ संजू बाबा पिता मोहनलाल उम्र 24 वर्ष रामसागरपारा निवासी व अजय चावला उर्फ अज्जू उम्र 47 वर्ष भगत चौक निवासी को पकड़ उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

इसी तरह बुधवार की रात्रि भी कोतवाली पुलिस शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। टीम ने शहर के रिसाईपारा वार्ड, स्टेशनपारा, मकई चौपाटी, लालबगीचा व हटकेशर वार्ड का गश्त किया।

पेट्रोलिंग के दौरान रात्रि में शहर की शांति भंग कर अनावश्यक रूप से घूम रहे दो निगरानी बदमाश अनीश कोशियारी पिता यूनूस 86 वर्ष म्युनिस्पिल स्कूल के पीछे रिसाईपारा निवासी व लक्की यादव पिता महेश यादव उम्र 19 वर्ष तूफान चौक लालबगीचा निवासी को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग की नीतियों पर जताई नाराजगी, बैरिकेड्स तोड़ा

युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस ने घेरा बीईओ कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण ने युक्तियुक्तकरण के विरोध में बीईओ दफ्तर घेरा। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग की नीतियों पर नाराजगी जताई। इस दौरान प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़ते हुए बीईओ कार्यालय का घेराव किया। जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि भाजपा सरकार बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बाधित कर रही है। अच्छे शिक्षकों को उनके स्थान से हटाकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह योजना आदिवासी और गरीब बच्चों की शिक्षा पर सीधा हमला है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बंद स्कूलों को फिर से खोलने और आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जैसी पहल शुरू की गई थी लेकिन भाजपा को गरीब बच्चों की इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई हजम नहीं हो रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में 67 नई शराब दुकानों की मंजूरी दी गई है, जिससे युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ गया है। पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने कहा कि 2015 के आंकड़ों के अनुसार 32 हजार 800 प्राथमिक शालाओं से 32 हजार 800 लोग रोजगार से वंचित हो जाएंगे. जिन मुद्दों को शिक्षक उठा रहे हैं। कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। मोहन लालवानी और विपिन साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार 10 हजार 463 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण करने के साथ ही 45 हजार शिक्षकों के पद समाप्त करने जा रही है। 2008 की शिक्षा नीति के अनुसार प्राथमिक शाला में 1+2 के सेटअप को घटाकर 1+1 किया जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा ने कहा कि यह नीति न केवल शिक्षकों के रोजगार के खिलाफ है, बल्कि इससे प्यून, रसोइया, मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाएं और स्वसहायता समूह की बहनों के जीवनयापन पर भी संकट खड़ा हो जाएगा। घनश्याम साहू ने इसे शिक्षा के अधिकार के खिलाफ बताया। योगेश शर्मा ने कहा कि सरकार बच्चों के भविष्य को अंधकार में डाल रही है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। मौके पर अरविन्द दोशी, आलोक जाधव, कविता बाबर, वसीम कुरैशी, राजा देवांगन, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, कृष्णा मरकाम, उदितनारायण साहू, पूर्णिमा रजक, रामेश्वरी कोसरे, पूर्णिमा भागी ध्रुव, पारसमणि साहू, सोमेश मेश्राम, राजेश पांडेय, कमलेश सोनकर, युवराज शर्मा, कुशल देवांगन, विक्रांत शर्मा, आशुतोष खरे, संजू साहू, तारिक रजा कादरी, स्नेहा देशमुख, अविनाश मरोठे, रजत सोनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राशन दुकानों में सर्वर डाउन, चावल लेने हितग्राहियों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

- एक हितग्राही को 6 बार अंगूठा लगाना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासन के निर्देश के मुताबिक जिले में राशन दुकानों में जून माह में एक साथ तीन माह का राशन दिया जा रहा है। इस आदेश के बाद लोगों में राशन लेने भीड़ लग रही है।तीन माह के राशन देने के एवज में दुकान संचालकों को 6 बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। एक साथ काम करने के कारण राशन दुकानों में मशीन का सर्वर बैठ गया है। एक ग्राहक को निबटाने में दुकानदार को 15 मिनट का समय लग रहा है। बता दें कि जिले में लगभग 2.50 लाख राशन कार्ड पहुंचने के कारण सर्वर की समस्या आ गई है। एक घंटे में 6 से 7 हितग्राही को ही राशन मिल रहा है। कभी-कभी तो एक ग्राहक के लिए आधा घंटा का समय लग रहा है। हितग्राही राशन दुकान में अपनी बारी के इंतजार में घंटों बैठे हैं। सर्वर नहीं आने पर वापस हो रहे हैं। यह सिलसिला 1 जनू से प्रारंभ है। राशन दुकान संचालकों का कहना है कि सर्वर समस्या से स्टाफ परेशान है। पिछले महीने एक ग्राहक के लिए 1 मिनट का समय लगताा था। अब तो 10-10 मिनट या आधा घंटा का समय लग रहा है। सर्वर फेल होने पर 2 से 3 घंटे इंतजार करना पड़ रहा है।

गोकुलपुर वार्ड के हितग्राही जयराम पटेल, गिरिराज साहू, विवेक ध्रुव, पूरण ध्रुव का कहना है कि सप्ताह भर बाद भी उनकी बारी नहीं आई है। राशन कार्ड हर सुबह दुकान में जमा करते हैं और शाम को घर लाते हैं। सर्वर डाउन की वजह से चावल नहीं मिल रहा है।

चावल लेने की प्रक्रिया ऐसी है कि हितग्राही को चावल लेने के लिए 6 बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। रजिस्टर्ड मोबाइल में ओटीपी आने पर भी चावल मिलेगा। 3 माह के लिए 6 बार ओटीपी आना आवश्यक है। जून, जुलाई, अगस्त तीन माह का चावल देने का निर्देश है। चावल 3 माह का मिलेगा। शक्कर, मिट्टी तेल, नमक प्रत्येक माह दिया जाएगा। अब शेष 15 दिन बचे हैं जिसमें सभी हितग्राही को राशन देना आवश्यक है।

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सर्वर डाउन होने की समस्या को तत्काल हल करने की कोशिश की जा रही है ताकि नियत समय में सबको राशन मिल सके।

विभाग को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ

स्टॉप डेम की बदहाली से किसानों को हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम मल्हारी व रानीगांव के बीच स्थित ढेड़गी नाला पर बना स्टॉप डेम विगत वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिससे सिंचाई के लिए बनाए गए इस डेम का उपयोग अब संभव नहीं रह गया है। सोढूर बांध से होकर पानी इसी मार्ग से होकर खेतों तक पहुंचता था, परंतु स्टॉप डेम की क्षतिग्रस्त स्थिति और मिट्टी से पूरी तरह पाट जाने के कारण अब न तो इसमें पानी रुकता है और न ही आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए लाभ मिल पा रहा है।

इस स्टॉप डेम से मल्हारी, खम्हरिया, रानीगांव, सिरसिदा सहित आसपास के चार गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलती थी। किसानों का कहना है कि पिछले लगभग दस वर्षों से यह स्टॉप डेम मरम्मत और रखरखाव के अभाव में टूट-फूट चुका है। बारिश कम होने की स्थिति में तो डेम में पानी टिकता ही नहीं, जिससे खरीफ व रबी फसलों को भारी क्षति होती है। किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है। जनदर्शन एवं सुशासन समाधान शिविर में भी आवेदन दिए गए हैं। बावजूद इसके आज तक न तो इस स्टॉप डेम का पुनर्निर्माण हुआ और न ही किसी प्रकार की मरम्मत करवाई गई। जिसके चलते नहर के किनारे से लगे किसानों के खेतों का मिट्टी कटाव धीरे धीरे बढ़ते जा रहा है। किसान स्वयं के खर्च से नहरों की सफाई और छोटी-मोटी मरम्मत करते आ रहे हैं, ताकि किसी तरह फसल की सिंचाई हो सके। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द ही इस स्टॉप डेम का पुनर्निर्माण कराकर किसानों को राहत दी जाए।

ग्रामीण कमलदेव सोम, ग्राम पटेल उल्लास, हुलास राम सोम, देवनारायण कश्यप, श्याम शंकर सोम, राम सुंदर कौशल, रेखराज बिसेन, दिनेश बिसेन, वामन निकेश्वर सोम, मानक सोम, ठुमुक पटेल, रामस्वरूप कौशल, ईश्वर चंद, भुनेश्वर, यशवंत बिसेन, हेमचंद, सालिकराम, प्रेमेंद्र पटेल, चेतन सिंह, किरण पुजारी, गिरवर सोम, राजकुमार सोम, चैन सिंह, खिलेश्वर, जीवराज, जनक ने समस्या के समाधान की मांग की। इस विषय में सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की यह मांग वाजिब है। स्टॉप डेम की वर्तमान स्थिति का सर्वे कर प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। बजट की स्वीकृति मिलते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

VIDHYA KUNJ SCHOOL

(AFFILIATED TO CBSE DELHI, AFF. NO. 3330152)

vidhyakunj.co.in 91111437555 vksldhamtari09@gmail.com

RESULTS FOR THE YEAR 2024-25

OUR TOP PERFORMERS OF CLASS 12th 2024-25

Arts Result 100 %



Maths Result 93.1 %



Biology Result 96.2 %



Commerce Result 97.7 %



Over All Performance Profile | First Division - 85.58% | 75% & Above - 36.54%

PRESIDENT
Mrs. SUMAN TIWARI

Congratulations on passing your exams with flying colours!
Your commitment to excellence is truly admirable.
Well done!

VIDHYA KUNJ KIDS, ATHWANI GALI DHAMTARI Mo. 7974485218

VIDHYA KUNJ KIDS, KARMA CHOWK DHAMTARI Mo.9131143082

"The first ever separate pre school in the town with qualified, caring and well-trained educators"

Over 12 years of specialisation in primary education.

नोटः- इन तीनों के अलावा किसी भी अन्य स्थान पर किसी भी मिलते जुलते नाम से हमारा कोई और स्कूल नहीं है।